हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 21 फरवरी 2026



06 फाइलेरिया दवा लेने से मना करने वाले ग्रामों...



07 विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल ने मनाई...






## खबर संक्षेप

### निजी पार्क में मुरम डालने पर विवाद मारपीट की

**खुरई** । शहर थाना क्षेत्र के चंद्रशेखर वार्ड स्थित एक बगीचा में मुरम फैलाने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक फरियादी असद अहमद उर्फ गालिब पिता जमील अहमद उम्र 61 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे बगीचा में मुरम फैलाने का काम चल रहा था। तभी जहीर अहमद पिता जमील अहमद आया और काम बंद कर दिया। मैंने कहा कोई दिक्कत है तो थाने और कचहरी जाइए। इसी बात पर से विवाद हो गया और जहीर ने मारपीट शुरू कर दी।

### फर्जी नौकरी का लेटर थमाकर 13 लाख ठगे

**खुरई** । सुभाष वार्ड निवासी से फर्जी नौकरी दिलाने के नाम पर 13 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है पीड़ित आसिफ राइन ने बताया कि उसके एक दोस्त के माध्यम से भोपाल निवासी आदिल खान पिता मातिन खान, निवासी घोड़ा नक्काश, लक्ष्मी टॉकीज के पीछे भोपाल, ने उसे सरकारी नौकरी भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज (हमीदिया अस्पताल) में नौकरी लगवाने की बात कही। इसी के नाम पर कुल 13 लाख रुपए ले लिए, बाद में आरोपी ने पीड़ित को एक फर्जी नियुक्ति पत्र (जॉइनिंग लेटर) थमा दिया। जब युवक को लेटर के फर्जी होने की जानकारी लगी, तो उसने खुरई के शहरी थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित का आवेदन लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध खनन परिवहन पर कार्रवाई, ट्रैक्टर- ट्राली जब्त

**सागर**। जिले में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री संदीप जी आर के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील बंडा अंतर्गत चौकाभेडा ग्राम में खनिज विभाग द्वारा एम सैंड और रेत के अवैध भंडारण पर पर ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जब्त वाहन को थाना बंडा में खड़ा कराया गया है। प्रकरण में नियमानुसार कर प्रकरण को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### युवा संगम का आयोजन 23 फरवरी को

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई) सागर के परिसर में किया जाएगा। आयोजित युवा संगम कार्यकम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा।

### शासकीय अस्पतालों में टी बी का उपचार निःशुल्क

**सागर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

---

प्रथम चरण में 36 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं की होगी जांच, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा मूल्यांकन

# कलेक्टर ने मूल्यांकन हेतु नोडल अधिकारी किया नियुक्त एमपी बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन 22 फरवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी की निगरानी में 22 फरवरी से उत्कृष्ट विद्यालय समन्वय संस्था में होगा। जिसके लिए कलेक्टर संदीप जी आर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी को नोडल अधिकारी बनाया है। साथ ही सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन एवं समन्वय संस्था के प्राचार्य सुधीर तिवारी को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर संदीप जी आर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशों के अनुसार सागर जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य 22 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें कलेक्टर संदीप जी आर एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा। समन्वय संस्था के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने बताया कि प्रथम चरण में मंडल से प्राप्त लगभग 36,000 से अधिक कक्षा 10वीं एवं 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

### मूल्यांकन की नई समय-सीमा और मानदेय तय

समन्वय संस्था के प्राचार्य सुधीर तिवारी ने बताया कि इस मूल्यांकन कार्य को गति देने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कॉपियां जांचने की संख्या और शिक्षकों के मानदेय में भी बदलाव किए हैं। पूर्व में जहां एक मूल्यांकनकर्ता को प्रतिदिन कम से कम 30 कॉपियां जांचने के निर्देश थे, वहीं अब परीक्षा परिणाम समय पर घोषित करने के उद्देश्य से इस संख्या को बढ़ा दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 45 और अधिकतम 60 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करनी होगी। इससे मूल्यांकन की प्रक्रिया तेज होगी और छात्र समय पर अपने अगले सत्र की तैयारी शुरू कर सकेंगे। वर्तमान में कक्षा 10वीं की एक उत्तर पुस्तिका जांचने के लिए 15 रुपये निर्धारित किए गए हैं, जो पहले 12 रुपये हुआ करते थे। इसी तरह कक्षा 12वीं के लिए अब 16 रुपये प्रति कॉपी का भुगतान किया जाएगा, जबकि पिछले वर्षों में यह दर 13 रुपये थी। इसके अतिरिक्त मूल्यांकन कार्य के लिए आने वाले शिक्षकों के यात्रा और दैनिक भत्ते को भी स्पष्ट किया गया है। बाहर से आने वाले शिक्षकों को 180 रुपये और स्थानीय शिक्षकों को 120 रुपये का दैनिक भत्ता दिया जाएगा।

### मूल्यांकन केंद्र पर रहेगी डिजिटल निगरानी

सुधीर तिवारी ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत मूल्यांकन में लगे शिक्षकों की मॉनिटरिंग के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया है। अब मूल्यांकनकर्ताओं को केंद्र पर आते ही माध्यमिक शिक्षा मंडल के विशेष ऐप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। केवल उपस्थिति ही नहीं, बल्कि ड्यूटी खत्म कर घर लौटते समय भी शिक्षकों को ऐप पर यह जानकारी देनी होगी कि उन्होंने उस दिन कुल कितनी कॉपियों की जांच की है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य मूल्यांकन कार्य की सटीक जानकारी और गति पर नजर रखना है।

### नो मोबाइल जोन रहेंगे मूल्यांकन केंद्र

प्राचार्य सुधीर तिवारी ने बताया कि मूल्यांकन की गोपनीयता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए केंद्रों को मोबाइल मुक्त रखा जाएगा। शिक्षकों को केंद्र में मोबाइल फोन निर्धारित स्थान पर जमा करना होगा। मूल्यांकन का कार्य पूरा होने के बाद ही उन्हें मोबाइल वापस मिलेगा, ताकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान या सूचनाओं का आदान-प्रदान न हो सके।

### 21 फरवरी को दिया जाएगा विशेष प्रशिक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने बताया कि मंडल के निर्देशों के अनुसार सागर जिले में मूल्यांकन कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए 21 फरवरी को प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें कॉपियां जांचने की बारीकियों के बारे में बताया जाएगा। जो शिक्षक इस दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनके लिए 8 मार्च को दोबारा प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रशिक्षण में शामिल न होने वाले शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य से बाहर रखा जाएगा। जो शिक्षक प्रशिक्षण में भाग नहीं लेंगे, वे मूल्यांकन नहीं कर पाएंगे।प्राचार्य सुधीर तिवारी ने बताया कि पहले चरण में कक्षा 12वीं की अंग्रेजी, भौतिकी, अर्थशास्त्र, एलीमेंट्री ऑफ साइंस एवं एनिमल हसबेंडरी की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जाएगी एवं कक्षा 10वीं की उर्दू विषय की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होगी। श्री सुधीर तिवारी ने बताया कि मंडल के निर्देशों के अनुसार कुल चार चरणों में संकलन का कार्य किया जाना है, जिसमें दो चरणों का संकलन कार्य किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संस्था में सभी मूल्यांकन कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मॉनिटरिंग समन्वय संस्था के कंट्रोल रूम से की जाएगी।



## व्यक्ति को सदैव धर्म, सत्य और सदाचार का मार्ग अपनाना चाहिए: पं.पवन शास्त्री

**गढ़ाकोटा**। सागर जिले के गढाकोटा स्थित पथरिया रोड नगर पालिका सेवानिवृत्त हीरालाल रैकवार बाबू के निवास पर संगीतमय में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। एवं नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर व्यास गद्दी पर विराजित पं.पवन शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा के सुनने मात्र से मानव भवसागर से पार हो जाता है। कलयुग में यदि किसी भक्त को स्वप्न में भी भगवान के दर्शन हो जाए तो उसका जीवन धन्य हो जाता है । यह फल सतयुग त्रेता और द्वापर में साक्षात दर्शन के समान है। व्यक्ति को सदैव सत्कर्म,धर्म में सत्य और सदाचार का मार्ग अपनाना चाहिए। जब आत्मा का परमात्मा से संबंध जुड़ जाता है तब संसार के सभी रिश्ते क्षणिक और दिखावटी प्रतीत होने लगते है। भगवत प्राप्ति के लिए श्रद्धा और विश्वास जरूरी है। कथा की मुख्य यजमान दिनेश चंदा रैकवार हैं। कथा सुनने में महामंडलेश्वर हरिदास महाराज,महंत कमलापति दास,एडवोकेट महेंद्र मिश्रा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, हरगोविंद मिश्रा, अनिल तिवारी, मुन्नालाल साहू, रामचरण सेन, गोपाल यादव, मालगुजार जगदीश नायक, रवि सोनी, श्याम सुंदर चौबे, हीरालाल रैकवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। कथा का समापन 22 फरवरी को होगा।

## लाखा बंजारा झील स्थित म्यूजिकल फाउंटेन को पुनः प्रारंभ कराने विधायक शैलेंद्र ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल में सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने शहर की महत्वपूर्ण पर्यटन एवं आकर्षण स्थली लाखा बंजारा झील में स्थापित म्यूजिकल फाउंटेन के लंबे समय से बंद होने का मुद्दा सदन में प्रमुखता से उठाया।विधायक जैन ने प्रश्न के माध्यम से नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जानकारी चाही कि लगभग एक वर्ष से बंद पड़े म्यूजिकल फाउंटेन को पुनः प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है तथा इसे कब तक चालू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि फाउंटेन के निर्माण के बाद उसके संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी किस एजेंसी की थी तथा बंद होने के लिए संबंधित एजेंसी पर क्या कार्रवाई की गई है। प्रश्न के उत्तर में मंत्री कैलाश विजय वर्गीय ने बताया कि म्यूजिकल फाउंटेन को पुनः प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रचलन में है। कलेक्टर सह अध्यक्ष स्मार्ट सिटी सागर के आदेश से गठित समिति द्वारा तकनीकी परीक्षण हेतु रिपोर्ट तैयार की गई है तथा तकनीकी मूल्यांकन के लिए इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज सागर को पत्र प्रेषित किया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने एवं स्मार्ट सिटी बोर्ड के निर्णय के उपरांत फाउंटेन को पुनः संचालित किया जाएगा,मंत्री विजयवर्गीय ने यह भी जानकारी दी कि म्यूजिकल फाउंटेन के संचालन एवं मेंटेनेंस की जिम्मेदारी संबंधित निर्माण एजेंसी की थी। फाउंटेन बंद होने के मामले में एजेंसी को नोटिस जारी किए गए हैं तथा तकनीकी परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही एजेंसी की शेष 50 प्रतिशत भुगतान राशि रोकी गई है। विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा सदन में उठाए गए इस प्रश्न से लाखा बंजारा झील स्थित म्यूजिकल फाउंटेन को शीघ्र पुनः प्रारंभ कराने की दिशा में प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

### ऑनलाइन ठगी का नया तरीका: बिना ऑर्डर पार्सल भेजा, अंदर निकला बच्चे का आधा स्वेटर

**खुरई**। खुरई में ऑनलाइन ठगी का एक नया मामला सामने आया है। सरयू नगर में एक किसान के घर बिना ऑर्डर किए एक पार्सल पहुंचाया गया। डिलीवरी बॉय ने महिला से पार्सल के बदले पैसे लिए, जिसके बाद पार्सल खोलने पर उसमें एक बच्चे का कटा हुआ पुराना स्वेटर मिला। परिवार ने तुरंत डिलीवरी बॉय को ढूंढकर पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना खुरई शहरी थाना क्षेत्र के चर्च के पास सरयू नगर में रहने वाले नितिन पाठक के घर हुई। नितिन ने बताया कि जब वह नहा रहे थे, तभी एक डिलीवरी बॉय घर आया और उनकी भाभी को एक पार्सल दिया। पार्सल पर केवल 'नीरज' नाम लिखा था, जिसमें कोई सरनेम या जाति का उल्लेख नहीं था। भाभी ने डिलीवरी बॉय को पार्सल के लिए 700 रुपए दे दिए, जबकि उस समय उनके पति खेत पर थे। जब भाभी ने घर के सभी सदस्यों से पार्सल के बारे में पूछा, तो सभी ने इसे मंगवाने से इनकार कर दिया। नितिन पाठक ने बताया कि जब पार्सल खोला गया, तो उसमें किसी बच्चे का उपयोग किया हुआ कटा हुआ स्वेटर निकला। इसके बाद डिलीवरी बॉय की तलाश की गई, जो कुछ ही दूरी पर मिल गया। पूछताछ करने पर वह कुछ भी बताने से बचता रहा, जिसके बाद उसे शहरी थाने ले जाकर पुलिस को आवेदन दिया गया। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि एक महिला के साथ पार्सल के नाम पर ऑनलाइन फ्रॉड किया गया है। आवेदन के आधार पर जांच की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अंजान पार्सल को रिसीव न करें, अगर ऑर्डर की जानकारी नहीं है तो पार्सल लेने से मना कर दें।

### खुरई में सूने घर से 12 लाख की चोरी: सीसीटीवी केबल काटकर तार और डीवीआर भी ले गए

**खुरई**। जरवांस बायपास चौराहा के पास गुरुवार रात एक खाली घर में 12 लाख रुपए की चोरी हुई। चोरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए और डीवीआर भी अपने साथ ले गए। इस घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब मकान मालिक इश्तयाक खान अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार की शादी में गए थे। घर के अंदर घुसकर चोरों ने अलमारी के लॉकर का ताला तोड़ाकर जेवर और नगदी चुराएं। गद्दे फाड़कर पैसे की तलाश की। इश्तयाक खान की मां हाजरबी खान चोरी की सूचना मिलने पर घर पहुंची और पुलिस में मामला दर्ज कराया। हाजरबी खान ने बताया कि बेटे और बहू के आने के बाद ही चोरी हुए सामान की सही जानकारी मिल पाएगी।वहीं खुरई शहरी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खुरई विस क्षेत्र की मंडल कोर समितियों का विस्तार, 12 नए सदस्यों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में खुरई विधानसभा क्षेत्र की सभी मंडलों की कोर समितियों की यहां आयोजित संयुक्त बैठक में सभी भाजपा मंडल कोर समितियों का विस्तार करते हुए दो-दो सदस्यों की नियुक्ति की गई। इन नियुक्तियों के साथ अब सभी कोर समितियां 11 सदस्यीय हो गई हैं।

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बैठक में जिन नवनियुक्त सदस्यों की घोषणा की उनमें धनौरा मंडल में मूरत सिंह राजपूत पिपरिया व वीरेन्द्र सिंह गंगौआ, खुरई नगर मंडल कोर समिति में राजेंद्र यादव कल्लू व राजकुमार घोसी (राजू चंदेल), खुरई ग्रामीण मंडल कोर समिति में देशराज सिंह महूनाजाट व अर्जुन सिंह रघुवंशी कठैली, बरोदिया कलां मंडल में कोमल यादव पार्षद व बलराम सिंह ठाकुर पार्षद, बांदरी मंडल में इंद्रपाल सिंह राजपूत (बंटी पिठौरिया) व नरेश जैन बांदरी तथा मालथौन मंडल में देवेंद्र सिंह बुंदेला व नीरज राजपूत परसोन को शामिल किया गया है।पूर्व गृहमंत्री ने बैठक में सभी कोर समितियों को निर्देश दिए कि 22 फरवरी रविवार को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के समूह श्रवण हेतु सभी बूथ स्तर तक व्यवस्थित आयोजन हों जिसमें जाने के लिए प्रतिनिधियों के नाम तय करें। तत्पश्चात रविवार को ही सभी कोर समितियां बैठक करके निर्धारित बिंदुओं पर निर्णय लेकर प्रस्ताव सौंपें।

उन्होंने कहा कि कोर समितियों का गठन जिस पवित्र उद्देश्य के लिए किया गया था उसमें कुछ कोर समितियों ने बहुत अच्छे जनोपयोगी निर्णय लिए हैं जिनमें खुरई नगर भाजपा कोर समिति द्वारा हनौता गौशाला के संचालन के लिए समिति गठन का निर्णय उदाहरण है। पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह के निर्देश पर गौशाला समिति के प्रभारी अजीत सिंह अजमानी ने बैठक में बताया कि सिर्फ 40 दिनों में ही गौशाला में प्रतिदिन दो टाइम दस क्विंटल भूसा, लाना और चापर की नियमित व्यवस्था 350 गौवंश के लिए जन सहयोग से की जा रही है। प्रतिदिन दो घंटे का समय समिति प्रभारी स्वयं गौशाला के लिए दे रहे हैं। अजमानी ने कहा कि आगामी 30 जून तक खुरई नगर की सड़कों से सभी आवारा जानवरों को गौशाला में लाया जाएगा और उनकी पूरी व्यवस्था जनसहयोग से गौशाला में की जाएगी। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि कोर समिति के सदस्य व विभागवार नियुक्त प्रतिनिधि अपने कार्यों में समय दें जिससे व्यवस्थाओं में सुधार होता रहता है।

### बारिश होने से आवक घटी, 1850 बोरा अनाज आया, मसूर के अधिकतम दाम 6400 रु. रहे

**खुरई**। रबी सीजन की फसलों की कटाई चल रही है। मौसम के कारण कटाई में बाधा आ रही है। किसान कटाई और थ्रेसिंग में व्यस्त हैं। खड़ी फसल और कटी रखी फसल को नुकसान होने की आशंका है। किसान चिंतित हैं। मंडी की आवक घट गई है। गुरुवार को आवक 1850 बोरा रही। नमी के कारण चना और मसूर के दाम समर्थन मूल्य से कम बने हुए हैं। मंडी में नई मसूर भी आई। मसूर का अधिकतम दाम 6400 रुपए प्रति क्विंटल रहा। मसूर की क्वालिटी और नमी के आधार पर दाम तय हुए। न्यूनतम दाम 5500 रुपए पर स्थिर बने हुए हैं। मसूर का समर्थन मूल्य 7 हजार रुपए है। किसानों को पंजीयन कराना है। गिरदावरी नहीं होने से पंजीयन नहीं हो पा रहा है। चने का समर्थन मूल्य 5650 रुपए तय किया है। चने का अधिकतम दाम 5320 रुपए रहा। नमी के कारण दाम कम हैं। चने का न्यूनतम दाम 5075 रुपए रहा। मंडी में अभी पहली बुआई वाला चना आया है। देर से बुआई वाला चना खेत में ही लगा हुआ है। चने की आवक मार्च के पहले सप्ताह से ज्यादा होने लगेगी। उसके बाद दाम में बढ़ोतरी का सही अनुमान लग पाएगा। किसान विक्रम सिंह और विजय सिंह ने कहा कि मौसम में बदलाव से बारिश हो रही है। फसलों को नुकसान होगा। मंडी में किसानों के लिए टीनशेड नहीं है। व्यापारी अपने टीनशेड में जाते हैं। मंडी प्रशासन फड़ बनाए। टीनशेड लगाए। गेहूं के दाम में गिरावट रही। गेहूं का न्यूनतम दाम 2302 रुपए प्रति क्विंटल रहा। अधिकतम दाम 2810 रुपए प्रति क्विंटल तक रहा। तेवड़ा के दाम 3145 रुपए मंडी में मक्के की आवक हो रही है लेकिन दाम कम बने हुए हैं। मक्का 1350 रुपए प्रति क्विंटल के दाम पर बिका। मटर 3630 से 5080 रुपए, सोयाबीन 4700 से 5186 रुपए, बटरी 4200 से 4471 रुपए, तेवड़ा 2640 से 3145 रुपए, सरसों 4500 से 6670 रुपए प्रति क्विंटल पर बिका।

सड़क सुरक्षा मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## बेसिक सिविक सेंस का उपयोग कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, घर की मुखिया की मौत परिवार को खत्म होने के बराबर होती है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




बेसिक सिविक सेंस का उपयोग कर सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर सुरक्षित रहें क्योंकि सड़क दुर्घटना में जब घर की मुखिया की मौत होती है तब परिवार को खत्म होने के बराबर होता है इसलिए सड़क सुरक्षा के नियमों की शुरुआत घर से ही शुरू करे और सुरक्षित रहें। उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने महाकवि पद्माकर सभागार में सड़क सुरक्षा मित्रों के एक दिवसीय प्रशिक्षण के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहगुनिया, सेफ लाइफ फाउंडेशन नई दिल्ली की ट्रेनर शिवम राना, माय भारत पोर्टल की उपनिदेशक रोहित यादव, डीसीपी ट्रैफिक मयंक सिंह सहित टू एवं फोर व्हीलर एजेंसी के संचालक, एनसीसीएन एसएस के छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में सड़क सुरक्षा मित्र मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा जिले वासियों की सुरक्षा की दृष्टि से अभिनव प्रयोग करते हुए जहां देश में पहली बार सड़क सुरक्षा के संबंध में ग्राम पंचायतों का आयोजन किया गया। वहीं आज सड़क सुरक्षा मित्रों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है जिसमें कलेक्टर ने कहा कि परिवार के मुखिया का जब सड़क दुर्घटना में निधन होता है तो उस समय पूरा परिवार समाप्त होने की समान होता है। इसलिए सभी व्यक्ति वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन घर से ही शुरू करें जिससे कि व्यक्ति एवं व्यक्ति का परिवार एवं उनके शुभचिंतक सभी नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज सभी संकल्प ने कि कोई भी व्यक्ति टू व्हीलर, फोर व्हीलर चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि प्रायः देखने में आता है कि व्यक्ति हेलमेट लगाने के बाद भी हेलमेट में मोबाइल लगा लेते हैं और मोटरसाइकिल चलाते हैं इससे दुर्घटनाएं बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सभी सड़क सुरक्षा मित्र आज से ही अपने-अपने क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान प्रारंभ करें एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी गाड़ी से स्टंट न करें। उन्होंने कहा कि सागर को जीरो फेटेलिटी बनाने के लिए आप सबका सहयोग आवश्यक है।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि रोड इंजीनियरिंग के लिए के लिए रोड निर्माण से संबंधित विभाग भी कार्य कर रहे हैं जिससे चिह्नित किए गए ब्लैक स्पॉट को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे सहित अन्य मुख्य सड़कों पर से ग्राम सड़कों को जोड़ने के पथ पर स्पीड बेकर भी बनाए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है जिससे दुर्घटनाएं रुकेगी।

कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी सड़क सुरक्षा मित्रों से संवाद करते हुई उनसे जानकारी प्राप्त की एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी भी दी। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लोकेश सिन्हा ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पूर्णतः पालन करें। रोड सिग्नल का पालन करें।

### कौशल विकास के लिए फ्री प्रशिक्षण केंद्र खुला

**खुरई** । गुरुवार को एकता परिषद के सहयोग से हुनर मंद युवाओं के माध्यम से बेरोजगार युवाओं, महिलाओं को रोजगार सृजन करने की दृष्टि से पुराने भगवानदास चंदेल वार्ड में जेवायएसएस परमार्थ अस्पताल सड़क पर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ मुंबई से पधारे समाजसेवी यतीश मेहता, एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव अनीस भाई द्वारा किया गया। जिसमें प्रशिक्षक देवेन्द्र कुमार द्वारा बेरोजगार युवाओं को एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, वाटर फिल्टर आदि रिपेयरिंग करने का प्रशिक्षण युवाओं को देकर हुनरमंद बनाया जाएगा। वहीं धागों ओर मोती के माध्यम से घरो कि सौ सज्जा करने के तोरण, गुलदस्ता आदि आयटम बनाने का कार्य प्रशिक्षक काजल द्वारा महिलाओं को दिया जाएगा। शिक्षित महिला जानकी बाई, युवा साथी दिनेश गोतम द्वारा पांचवीं कक्षा तक बच्चों को निशुल्क कोचिंग दी जाएगी। इस प्रकार साल दर साल कौशल विकास, शिक्षा के काम को आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर आज़ाद बहुदेशीय डॉ. भीमराव विकास समिति के अध्यक्ष खिलान भाई, एकता परिषद के संभागीय समन्वयक दीपक भाई, के परस्पर सहयोग से यह प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जा रहा।

## दवा की महत्वता बताकर ग्रामीणों को कराया सेवन, शंका की दूर

# फाइलेरिया दवा लेने से मना करने वाले ग्रामों में पहुंची स्वास्थ्य टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा के अंतर्गत एमडीए फाइलेरिया कार्यक्रम में कुछ ग्रामों जैसे टोरिया खास, बम्होरी कला, वीरपुरा, सुंनरई, खरौ, महेवा चक्र आदि ग्रामों में व्यक्तियों द्वारा फाइलेरिया की गोली खाने से इनकार किया जा रहा था। उक्त जानकारी मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा डीएमओ एवं डीसीएम प्रबल त्रिपाठी के निर्देशन में विकासखंड से बीसीएम कुणाल चतुर्वेदी, एम आई अनीश खान द्वारा संयुक्त दल के माध्यम से चिन्हित ग्रामों में आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा पर्यवेक्षक एवं स्वयंसेवियों के माध्यम से घर-घर जाकर ग्रामीणों को समझाया गया और उनकी शंकाएं दूर कीं।



ग्रामों में दवा खाने से इनकार करने वाले घरों में संपर्क किया गया एवं दवा सेवन कराया गया। ग्रामवासियों से अपील की गई की ग्राम को फाइलेरिया मुक्त बनाने हेतु दवा का सेवन किया जाना अति आवश्यक है। दवा पूरी तरह सुरक्षित है। इसलिये आप अपने घर के सभी व्यक्तियों को दवा का सेवन करायें। तभी इस फायलेरिया नामक बीमारी का उन्मूलन हो पाएगा। उक्त अपील के बाद सभी ग्राम वासियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में दवा का सेवन करने हेतु अपनी स्वीकृति दी गई एवं सफलतापूर्वक दवा का सेवन कराया गया। उपरोक्त ग्रामों में दवा का सेवन करने हेतु उक्त ग्राम के अलावा अन्य ग्रामों की आशा कार्यकर्ताओं को उक्त ग्रामों में लगाकर दवा सेवन कार्य में सहयोग किया गया।

### टोरिया ग्राम में पूर्व मंडल अध्यक्ष ने किया लोगों को जागरूक

ग्राम टोरिया खास में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पटेरिया द्वारा घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। और बताया कि इस बीमारी से हम कैसे बच सकते हैं। बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष पटेरिया ने पहले स्वयं दवा का सेवन किया। ग्राम में चार टोली बनाकर लोगों को चिन्हित कर उन्हें दवा खिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचओ पूनम अहिरवार, आशा सुपरवाइजर रानी पटेरिया, एएनएम सुनीता सिंह, आशा कार्यकर्ता लक्ष्मी वर्मा, कल्पना सेन, वंदना पाठक, मालती प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## मंत्री के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए इस्तीफे की मांग

# औकात वाले बयान पर कांग्रेस में आक्रोश, पुतला दहन का प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रदेश के एक कद्दावर मंत्री को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के विरुद्ध की गई औकात वाली टिप्पणी पर तूफान थमता हुआ नजर नहीं आ रहा। जिला मुख्यालय पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर के अस्पताल चौराहे पर भाजपा सरकार के मंत्री के विरुद्ध नारेबाजी की और पुतला दहन करने का प्रयास किया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उक्त पुतला छीन लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के मंत्री से इस्तीफा देने की भी मांग की।

प्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने अस्पताल चौराहे पर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला जलाए जाने का प्रयास किया। लेकिन पुतले को पुलिस ने छीनकर अपने कब्ज़े में ले लिया। इस दौरान मंत्री विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग की गई। यह विरोध प्रदर्शन हाल ही में विधानसभा में मंत्री विजयवर्गीय द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सारंग पर की गई टिप्पणी को लेकर था। मध्य प्रदेश विधानसभा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की ओर से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पर टिप्पणी की गईं थी।

विधानसभा में चर्चा के दौरान विजयवर्गीय ने सिंघार से औकात में रहने के लिए कहा था। इस बयान के बाद से प्रदेशभर में राजनीतिक भूचाल आ गया है। उक्त टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी के चलते गांधी चौराहे पर कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। उक्त प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीओपी राहुल कटरे एवं कोतवाली टीआई रविवार भूषण पाठक अपने पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद रहे।

### 'योगा, संतुलित आहार व आयुर्वेद से वृद्धावस्था में भी रहेंगे निरोग'

**टीकमगढ़।** संचालनालय आयुष के आदेशानुसार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में कुंडेश्वर स्थित श्रेया मानव कल्याण एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत हॉलिस्टिक वेल बीइंग कैंप के तहत योग शिविर एवं आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वृद्धजनों को समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आयुर्वेदिक एवं योग पद्धति से उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। आयुष चिकित्सकों द्वारा शिविर में वात रोग, मधुमेह, ज्वर, कास, प्रतिश्याय, श्वास एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक औषधियां वितरित की गईं।



चिकित्सकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास, संतुलित आहार और आयुर्वेदिक उपचार से वृद्धावस्था में होने वाली अनेक बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। योग प्रशिक्षक राहुल चौधरी ने वृद्धजनों को सरल प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम एवं ध्यान की विधियां सिखाईं, जिससे उन्हें शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायता मिले। शिविर में डॉ. सत्येंद्र कुमार गुप्ता, डॉ. सीमा जैन, प्रमेश जैन, आशीष मिश्रा, मंजुलता रावत, मनोज दुबे और जगदीश अहिरवार सहित आयुष विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम में कुंडेश्वर वृद्धाश्रम के अधीक्षक कुलदीप विश्वकर्मा, तेजसिंह घोष, रवि राय, रामा केवट सहित आश्रम के अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वृद्धजन उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। आयुष विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही गई, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग तक समग्र एवं पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें।

## सुरक्षा, स्वतंत्रता, सम्मान अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भरोसा वर्ग कार्यक्रम आयोजित

# खिरिया चौकी की पहल से ग्राम धनवाहा में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस द्वारा सतत एवं संवेदनशील जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता, सम्मान अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भरोसा वर्ग कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं युवतियों में आत्मविश्वास, सजगता एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता का संचार किया जा रहा है।

19 फरवरी को चौकी खिरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनवाहा में चौकी प्रभारी खिरिया उप निरीक्षक कविता द्विवेदी द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं के साथ एक विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सहज, आत्मीय एवं विश्वासपूर्ण वातावरण में संचालित किया गया, जिससे प्रतिभागियों ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएँ एवं अनुभव साझा किए। सत्र के दौरान महिलाओं एवं युवतियों को निम्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं स्पष्ट जानकारी प्रदान करते हुए असुरक्षित अथवा संदिग्ध परिस्थितियों की पहचान एवं त्वरित प्रतिक्रिया के उपाय, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा एवं साइबर अपराध की स्थिति में उपलब्ध कानूनी प्रावधान एवं शिकायत प्रक्रिया, ‖नहीं‖ कहने का अधिकार एवं आत्मरक्षा के मूल सिद्धांत, मोबाइल एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के उपाय, हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से त्वरित सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं आत्मविश्वास के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया।



इस दौरान महिला उप निरीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या संकट की स्थिति में महिलाएँ एवं युवतियाँ बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। पुलिस हर परिस्थिति में उनकी सुरक्षा, गोपनीयता एवं सम्मान की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान सक्रिय सहभागिता एवं खुले संवाद ने विश्वासपूर्ण वातावरण का निर्माण किया। महिलाओं एवं युवतियों में आत्मबल, जागरूकता एवं अधिकारों के प्रति सजगता में सकारात्मक वृद्धि परिलक्षित हुई। भरोसा वर्ग पहल ने यह संदेश सुदृढ़ किया कि पुलिस और समाज के मध्य विश्वास, सहयोग एवं संवेदनशील संवाद ही सुरक्षित वातावरण की आधारशिला है। पुलिस ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। ‖भरोसा वर्ग‖ पहल समाज में सुरक्षा, विश्वास एवं जागरूकता की सुदृढ़ नींव स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावी एवं संवेदनशील प्रयास है।

## फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

# यादव जी की लवस्टोरी फिल्म को लेकर मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

यादव जी की लवस्टोरी फिल्म के नाम बदलने और फिल्म पर रोक लगाने को लेकर जिला मुख्यालय पर यादव महासभा ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि उक्त फिल्म को लेकर देश भर में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, इसी के चलते अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा टीकमगढ़ कलेक्ट्रेट में फिल्म के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से उक्त फिल्म पर पूरे देश में प्रतिबंध लगाने की मांग की गईं। साथ ही साथ फिल्म के पोस्टर में आग लगाई गई। अखिल भारतीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सचिन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि ओम ठकुरानी प्रॉडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के पोस्टर, ट्रेलर और सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिससे यादव समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और संपूर्ण मध्यप्रदेश सहित देश में रोष व्याप्त है। जिसके विरोध में यादव समाज ने फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। जिससे सामाजिक वैमनस्यता पैदा न हो, और जातिगत भावनाओं को भड़काने वाली इस फिल्म पर मध्यप्रदेश सहित देश में पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, जिससे सामाजिक सौहार्द बना रहे।

इस दौरान युवा यादव महासभा जिलाध्यक्ष सचिन यादव, विजय यादव जिला प्रवक्ता, पुष्पेन्द्र यादव प्रदेश सचिव, शुभम सिंह यादव प्रदेश महासचिव, राहुल यादव खिरिया, राजू यादव, सूरज यादव, राहुल यादव, छोटू यादव, रहीश यादव, चीकू यादव, जैकी यादव, संजय यादव, मनोज यादव, रूप सिंह यादव, सोनू यादव, ज्ञान सिंह यादव, प्रभु यादव, बलराम यादव, कृष्णकिशोर यादव, गोपी यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पड़ोसियों पर मारपीट व धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** जाखलौन क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। मैरतीकलां निवासी रामसखी पत्नी भूरैलाल कुशवाहा ने बताया कि 18 फरवरी की सुबह 11 बजे वह घर के बाहर खड़ी थीं, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी।

## कुरीतियों के खिलाफ उठाई सशक्त आवाज

# शोकाकुल परिवार ने मृत्युभोज का बहिष्कार कर शोकसभा का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले की ग्राम पंचायत छिल्ला में सामाजिक जागरूकता का एक सराहनीय उदाहरण देखने को मिला। स्व.रघुवीर सिंह लोधी के निधन पर जहां आमतौर पर परम्परागत मृत्युभोज का आयोजन किया जाता है, वहीं शोकाकुल परिवार ने इस परंपरा का बहिष्कार करते हुए सादगीपूर्ण शोक सभा का आयोजन किया और समाज से कुरीतियों को समाप्त करने की अपील की।

स्व.रघुवीर सिंह लोधी, रक्षपाल सिंह लोधी, राकेश लोधी एवं हरनाम सिंह लोधी के पिता थे। उनके निधन से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है। शोक सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा के दौरान परिवारजनों ने स्पष्ट रूप से कहा कि मृत्युभोज जैसी परम्पराएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं। कई बार सामाजिक दबाव के कारण लोग कर्ज लेकर भी मृत्युभोज करते हैं, जिससे परिवार लंबे समय तक आर्थिक संकट में फंसा रहता है। इसलिए उन्होंने यह निर्णय लिया कि वे मृत्युभोज नहीं करेंगे और समाज को भी इस कुरीति के विरुद्ध जागरूक करेंगे। इस दौरान हरनारायण पटेल, रतिराम पटेल, सोबरन सिंह तथा आचार्य सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि समय के साथ समाज को भी बदलना चाहिए और ऐसी परंपराओं को त्याग देना चाहिए जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से हानिकारक हों। उन्होंने सभी समाजजनों से अपील की कि मृत्युभोज जैसी रूढ़िवादी प्रथाओं को बंद कर सादगीपूर्ण संस्कारों को अपनाया जाए।



## केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में संपन्न हुआ ब्लॉक सम्मेलन

# ग्रामीण मजदूर व आम व्यक्ति के लिए आशा की किरण व्हीबी जीरामजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्थानीय होटल परिसर में व्हीबी जीरामजी पर ब्लॉक सम्मेलन हुआ। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार की मुख्य उपस्थिति में विकसित भारत - गारंटी का रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट व्हीबी जीरामजी पर टीकमगढ़ ब्लॉक का सम्मेलन स्थानीय होटल परिसर में किया गया। मंच पर केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार के साथ वरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष व जिला कार्यक्रम प्रभारी किशन पटेरिया, विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी प्रफुल्ल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, जिला सह कार्यक्रम प्रभारी उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि व्हीबी जीरामजी ग्रामीण मजदूर और आम व्यक्ति के लिए एक नई आशा की किरण लेकर आया है। जिसको अधिक प्रभावशाली पारदर्शिता के साथ ग्रामीण परिवारों के लिए उनके विकास में सहायक होगा, जहां बुनियादी ढांचा एवं परिवारों की आजीविका को मजबूत करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में हुआ है, पहले के समय में बड़ी अनियमितताएं व भ्रष्टाचार देखने को मिला है , जहां सही मजदूर वर्ग को भुगतान नहीं हो पता था, कई बार भुगतान में महीनों लग जाते थे एवं आम व्यक्ति पलायन को मजबूर हो जाता था। आज नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार में 100 दिन से भी आगे 125 दिन का काम लोगों को मिलेगा, इस विधेयक में फंडिंग पैटर्न में भी बदलाव किया गया है जहां केंद्र 60 प्रतिशत और राज्य 40 प्रतिशत अपने पैसे की भागीदारी करेगा तो राज्यों की भी जवाबदेही होगी। विकास के मार्ग में अर्थव्यवस्था के तंत्र को मजबूत करने में मजदूर से लेकर मालिक तक और कृषि क्षेत्र में काम करने वाले कृषकों तक जब सभी सहयोग इसमें जुड़ेगा तभी सही मायनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 तक का विजन का सपना सार्थक होगा।

इस विधेयक में ग्रामीणों को रोजगार में अधिक स्पष्ट, प्रर्वतनीय और सुरक्षित कानूनी संरक्षण प्रदान करता है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा और स्थिरता को बल मिलेगा।ग्रामीण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अब रोजगार सृजन को चार स्पष्ट और परिणाम उन्मुख क्षेत्रों में केंद्रित किया गया है जिसमें जल सुरक्षा से जुड़े कार्य प्रमुख ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका एवं उत्पादन से संबंधित और संरचना तथा आपदा प्रबंधन एवं जलवायु अनुकूलन से जुड़े कार्य इससे यह सुनिश्चित होगा कि सार्वजनिक धन का उपयोग टिकाऊ उपयोगी और दीर्घकालिक परिसंपत्तियों के निर्माण में हो। प्रशासनिक क्षमता को सुदृढ़ करने हेतु प्रशासनिक व्यय की सीमा 6% से बढ़ाकर 9 प्रतिशत की गई है ताकि जमीनी स्तर पर पर्याप्त मानव संसाधन, तकनीकी विशेषज्ञता , प्रशिक्षण और निगरानी उपलब्ध हो सके। सरकार का दृढ़ विश्वास है कि जीरामजी अधिनियम ग्रामीण भारत को सशक्त बनाते हुए उसे केवल सहायता का पात्र नहीं बल्कि विकसित भारत की यात्रा का सक्रिय भागीदार बनाएगा। सम्मेलन में पुष्पा यादव, उषा दुबे ,रामा रजक, मीरा खरे, जीतू सेन, विजय पटैरिया,मुन्ना लाल साहू, विकास यादव, अनीश खान, अरविंद खटीक, मुकेश अहिरवार, हरीश अहिरवार, प्रमोद पटसारिया, करण सिंह, आदित्य योगी, युगल किशोर व्यास, देवेंद्र सेन मनोहर अहिरवार, चीकू यादव, विनय सेन, आकाश विश्वकर्मा, सतेंद्र ठगन,पंकज प्रजापति, सूरज कड़ा, विनोद कड़ा, जितेंद्र जैकी यादव, शिवचरण उटमालिया, रामनरेश यादव,दिप्पू राजा, श्याम यादव, कपिल नामदेव, धर्मेंद्र परमार, जगजीवन सिंह, छत्रपाल सिंह, आकाश अवस्थी, हनी जैन, अंशुल सोनी , सौरभ खटीक, ईशान जैन सहित बड़ी संख्या में किसान मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिविर में मतदाता जागरूकता विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**ललितपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तृतीय के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन कम्पोजिट आदर्श विद्यालय नगर क्षेत्र के प्रांगण में आयोजित तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने सर्वप्रथम स्वयं सेवकों के साथ ईश्वर की प्रार्थना की और सभी स्वयं सेवकों को पूरे दिन के कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इसके पश्चात विद्यालय परिसर में स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सम्पन्न हुई संगोष्ठी में मतदाता जागरूकता पर मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रो.डा. लक्ष्मीकांत मिश्रा तथा विशिष्ट वक्ता सहायक आचार्य डा. दीपक पाठक एवं वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य संदीप श्रीवास्तव ने अतिथियों ने व्याखान दिये। डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा ने बताया कि भारत ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अपनाया और यहां के लोगों ने अपने मतों का प्रयोग कर के समय-समय पर मजबूत सरकार बनाई जिससे आज यह देश एक मजबूत राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने उभर कर आया है।

**समाचार संक्षेप**

## संभागीय अधीक्षण ने किया निरीक्षण दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

गुरुवार को संभागीय अधीक्षण यंत्री जे पी पारा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, उपयंत्री मोहित बिजोले और ठेकेदार की उपस्थिति में नगर परिषद आरोन क्षेत्र के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड सौंदर्यकरण, नेहरू पार्क दुकान निर्माण और स्वच्छ भारत मिशन के तहत डीलक्स टॉयलेट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद, संबंधित ठेकेदारों को जल्द से जल्द गुणवत्ता सहित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद आरोन द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के निर्देशन में कई विकास कार्य किए जा रहे है जगह जगह गलियों में रोड निर्माण बेरोजगारों को देखते हुए दुकान निर्माण सहित कई विकास कार्य किए जा रहे हैं इन कार्यों को देखते हुए नगर वासियों में हर्ष व्याप्त है तथा परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के प्रति आभार व्यक्त नगर वासियों द्वारा व्यक्त किया जा रहा है।

## समाज के अंतिम समुदाय के लिए संघर्षरत शशि अहिरवार अवार्ड से सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

आदिवासी सहरिया समुदाय के अधिकारों के लिए वर्ष 2000 से सतत संघर्ष कर रहीं सामाजिक कार्यकर्ता शशि अहिरवार को नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सम्मान हेतु चयनित किया गया है। शशि अहिरवार शिक्षा, स्वास्थ्य, न्यूनतम मजदूरी, बंधुआ और बाल मजदूरी उन्मूलन, बेटी बचाओ अभियान, नशा मुक्ति और जातिगत भेदभाव के खिलाफ लंबे समय से सक्रिय हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मुरैना क्षेत्र में कई आदिवासी परिवारों को बंधुआ मजदूरी से मुक्त कराकर प्रशासन के माध्यम से मुक्ति प्रमाण पत्र और पुनर्वास दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।महिला सशक्तिकरण और बेटा-बेटी समानता के लिए भी वे लगातार जागरूकता अभियान चलाती रही हैं।उल्लेखनीय है कि 1990 में स्थापित नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया देशभर में सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करता है।शशि अहिरवार ने इस सम्मान को अपने 26 वर्षों के सामाजिक कार्य को नई पहचान बताते हुए भविष्य में भी दलित और आदिवासी समुदाय की सेवा के लिए जीवन समर्पित करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### मध्य प्रदेश बजट पर जयवर्धन सिंह का हमला

# प्रदेश की वित्तीय हालत कमजोर हो चुकी : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

18 फरवरी को प्रस्तुत मध्य प्रदेश के बजट पर राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की वित्तीय हालत कमजोर हो चुकी है और सरकार "वेंटीलेटर पर" चल रही है। जयवर्धन सिंह ने कहा कि राज्य पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है और हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि ब्याज चुकाने के लिए भी सरकार को नया कर्ज लेना पड़ेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उनकी "गूगली गेंद" पर भाजपा क्लीन बोल्ड हो गई है।



**लाडली बहना योजना पर उठाए सवाल**

विधायक ने लाडली बहना योजना को लेकर सरकार को घेरा। उनका कहना था कि महिलाओं को 3,000 रुपये प्रतिमाह सहायता देने के वादे पर बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नजर नहीं आया। साथ ही नई पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ने को लेकर भी कोई ठोस घोषणा नहीं की गई।

**जनकल्याण और रोजगार पर चिंता**

जयवर्धन सिंह ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि युवाओं के रोजगार, किसानों की आय बढ़ाने और आम वर्ग को राहत देने के लिए कोई बड़ा प्रावधान नहीं दिखता। उनके अनुसार यह बजट जन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा और पूरी तरह विफल साबित हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र से मिलने वाले कर अनुदान में मध्य प्रदेश का हिस्सा आधा प्रतिशत कम कर दिया गया है, जिससे अगले पांच वर्षों में प्रदेश को लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। इस संभावित घाटे की भरपाई कैसे होगी, इस पर बजट भाषण में कोई स्पष्टता नहीं दी गई। साथ ही भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद किसानों को होने वाले संभावित नुकसान पर भी किसी राहत पैकेज की घोषणा न होने पर उन्होंने सवाल उठाए। अंत में जयवर्धन सिंह ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति ऐसी हो गई है कि सरकार की प्राथमिकता विकास नहीं, बल्कि कर्ज का ब्याज चुकाना रह गई है।"यह बजट पूरी तरह फेल है और मध्यप्रदेश की जनता सरकार से जवाब चाहती है।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल ने मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती



**शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

19 फरवरी को गुना रेलवे स्टेशन पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल तथा टैक्सी चालकों द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात लड्डुओं का वितरण कर सभी ने जयंती की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर बजरंगदलजिला संयोजक ब्रजेश प्रजापति, जिला सह समरसता प्रमुख वीरेंद्र राठौर, नगर सह संयोजक राहुल बरार सहित टैक्सी चालक साथी नकुल, राजेश, पवन तिवारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डालते हुए । युवाओं से आह्वान किया गया कि वे शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्रहित में कार्य करें।

## प्राथमिक विद्यालय बीनागांव की कक्षा 2 की छात्रा ने बढ़ाया चाचौड़ा का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

प्राथमिक विद्यालय बीनागांव की मेधावी छात्रा स्मृति शाक्यवार ने गणित विषय की ओलंपियाड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह में कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला गुना तथा जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र गुना द्वारा स्मृति शाक्यवार (पिता—भैरो सिंह शाक्यवार), कक्षा 2, एवं विद्यालय प्रभारी सत्यनारायण शर्मा को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं पठन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि ओलंपियाड परीक्षा का उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि विकसित करना एवं प्रतिभाओं को निखारना है। यह परीक्षा कक्षा 2 से 8 तक गणित, हिंदी, अंग्रेजी सहित अन्य विषयों में ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित की जाती है। स्मृति शाक्यवार ने गणित विषय में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर चाचौड़ा ब्लॉक को गौरवान्वित किया।इस अवसर पर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित उपस्थितजनों ने बालिका को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



## दिग्विजय सिंह-जयवर्धन सिंह पर अभद्र टिप्पणी की निंदा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने आजाद समाज पार्टी नेता पर साधा निशाना

**आरोन में बयान को लेकर गरमाई राजनीति, कांग्रेस पदाधिकारियों ने मर्यादित संवाद की अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

17 फरवरी 2026 को आजाद समाज पार्टी के नेता दामोदर प्रसाद यादव द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं वर्तमान विधायक जयवर्धन सिंह के संबंध में अभद्र शब्दों के प्रयोग को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। इस मामले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसकी घोर निंदा की है।पार्वती अहिरवार ने कहा कि दिग्विजय सिंह गांधीवादी नेता हैं और महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलते हुए समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग और अल्पसंख्यकों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने अपने उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि राघोगढ़ विधानसभा में अहिरवार समाज को सम्मान देकर उन्हें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया, जो दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह की समावेशी सोच को दर्शाता है।उन्होंने यह भी कहा कि दिग्विजय सिंह के शासनकाल में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के लोगों को जो पट्टे दिए गए थे, उनका कब्जा दिलाने का वादा भी सरकार ने किया था। उनके अनुसार दिग्विजय सिंह ने हमेशा वंचित वर्गों के हित में काम किया और सामाजिक सहयोग की परंपरा निभाई है।पार्वती अहिरवार ने कहा कि दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह ने हर वर्ग के लोगों की मदद की है—चाहे किसी के घर में मृत्यु हो, विवाह हो, बच्चों की पढ़ाई या बीमारी का मामला—उन्होंने हमेशा आगे बढ़कर सहयोग किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दामोदर प्रसाद यादव द्वारा उपयोग किए गए शब्द उनकी छोटी मानसिकता को दर्शाते हैं।वहीं विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन ने कहा कि दामोदर प्रसाद यादव भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राघोगढ़ विधानसभा में दिए गए उनके भड़काऊ भाषणों से समाज के विभिन्न वर्गों को उकसाने का प्रयास किया गया है, जिससे स्थिति स्पष्ट होती है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूरे प्रकरण में मर्यादित राजनीतिक संवाद की आवश्यकता पर जोर देते हुए अभद्र भाषा के प्रयोग की कड़ी निंदा की है।



## अक्षय तृतीया पर होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**गुना।** सर्व ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर चेम्बर्स आफ कामर्स ग्वालियर में आयोजित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देवेन्द्र उपाध्याय महिदपुर वालों से संपर्क कर सकते हैं।

## श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग अशोकनगर द्वारा आचार्य श्री का द्वितीय समाधि दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग अशोकनगर द्वाराआचार्य श्री का द्वितीय समाधि दिवस भावांजलि के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी पूर्व अध्यक्ष सुनीता चैधरी एवं महामंत्री प्रियंका जैन द्वारा आचार्य श्री के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी ने कहा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का त्याग, तपस्या, जीव दया, और अपना देश-अपनी भाषा के सिद्धांत हमेशा याद आते रहेगें। उन्होंने कहा कि हम सब आचार्य श्री का एक भी सिद्धांत अपना लें तो हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। इसी के साथ सभी ने करुणा और शिक्षा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उसके तत्पश्चात नवकार मंत्र बोलकर आचार्य श्री को भांवाजलि के रूप में सभी बहनों ने 1 मिनट का मौन धारण किया। इसी श्रृंखला में कोषाध्यक्ष नीतू मुडरा, युवा प्रकोष्ठ विनीता मिर्ची, महिला प्रकोष्ठ विनीता सोनी नम्रता वड़कुल एवं समस्त महिलाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की और सभी की।



**आंखें इतनी नम हो गई**

*जब आचार्य श्री के बारे में प्रीति भंडारी, आशिका मिर्ची, नंदा सोनी, वर्षा सिंघई ने आचार्य श्री के संस्मरण सुनाए। कुछ महिलाओं ने कविता के द्वारा आचार्य श्री की अनेक स्मृतियों को याद दिला दिया। अंजू श्रृंगार, सपना अजमेरा, ममता भारत, उषा नैनी, सुधा जैन, प्रतिभा जैन, रानी रसीला कार्यकारिणी के सभी सदस्य शामिल हुए कार्यक्रम कार्यकारिणी सदस्य बॉबी सिंघई के यहां किया गया। अंत मे रात्रि में मंदिर में जाकर सभी ने आचार्य श्री के नाम एक- एक दीप जलाकर भक्तांबर की आराधना की गई।*

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरदा चैराहे निवासी छोटू कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तनु बैरागी, अभिषेक कुशवाह, मयंक रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईदगाह मोहल्ला निवासी उमेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू, राहुल और विशाल कुशवाह ने पुरानी रंजिस पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी रामचरण नामदेव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारबाले बालाजी मंदिर के समीप निवासी राजेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अज्ञात दो लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शहवाजपुर निवासी एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद केवट, राजकुमार का लड़का और भूरा के लड़के ने उससे छेर छाड कर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विनोद केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गोपाल, देशराज, कल्याण और पुष्पाबाई केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जारसल चक्क निवासी बृजेश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बबलू, रामचरण, दीपेन्द्र और गोपाल लोधी ने उससे मारपीट की और उसकी बाईक तोड़ दी व जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भरौंली निवासी शीला जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनपाल जाटव व दिवान सिंह जाटव ने जमीनी विवाद पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भीलरी निवासी पूजा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी छोटू, दीपक और अमरसिंह आदिवासी ने से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिले के अधिकारियों की बैठक ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा गुरुवार को वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी.एन सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सुशासन के अंतर्गत लोक सेवा गारंटी, सीएम हेल्पलाइन,एमपी ई-सेवा पोर्टल, नामांतरण बटवारा, फार्मर आईडी, ई ऑफिस प्रणाली, स्वामित्व योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने नल जल योजनाओं की सफल क्रियान्वयन, पीएम जनमन योजना अंतर्गत कार्यों की प्रगति के संबंध में निर्देशित किया। ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत रोजगार गारंटी के क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सूक्ष्म एवं लघु उद्योग, कामधेनु योजना के तहत बैंकों से ऋण प्रकरणों की स्वीकृति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान कानून व्यवस्था के तहत जोनल प्लान अनुसार कार्यवाही की जाए। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण के प्रकरणों में भुगतान, जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के आयोजन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।




## वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग शिविर आयोजित किया गया



**अशोकनगर।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो दिवसीय योग शिविर के पहले दिन गुरुवार को आयुष विभाग द्वारा शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ उपेंद्र रघुवंशी के निर्देशानुसार वृद्ध आश्रम बाईपास रोड अशोक नगर में किया गया। शिविर मे डॉ दीपक रघुवंशी आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा वरिष्ट जनों को नियमित योग करने वाले सूक्ष्म आसनों की जानकारी दी व योगो का अभ्यास कराया। डॉक्टरों व योग प्रशिक्षको के अनुसार, नियमित रूप से प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न आसनों का अभ्यास करने से हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। इस अवसर पर डां. सचिन जैन, डॉ नीलेश डॉ धर्मेंद्र, डॉ अमृता, द्वारा वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं पैरा मेडीकल स्टाफ द्वारा दवा वितरण किया गया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक एवं सहायकों द्वारा योगाभ्यास कराया गया आदि उपस्थित रहे।

### अधिकारी बोले- हमें नहीं है पता कब बने और कितनी लागत से बने कक्ष

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से सालों से बंद पड़े करोड़ों की लागत से बने स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

जिले में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत करोड़ो रूपये इसलिए जिले में भेजे जाते हैं जिससे कि स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा व व्यवस्था की जा सके, लेकिन अशोकनगर जिले में शासन के करोड़ो रूपये शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा किस तरह पानी में बहा कर बर्बाद किये जा रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण चंदेरी के उत्कृष्ट हाई सेकेण्ड्री स्कूल में बने वह कक्ष हैं जो सालों से बंद पड़े हैं, अधिकारी बेखबर है जिससे यह कक्ष अनैतिक कार्यों का अडडा बन गए हैं।

चन्देरी उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल के सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत 2013 में करोड़ो रूपये की लागत से बाईपास वेयर हाउस के सामने यह कक्ष बनवाए गए थे। ताकि बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। यह भवन तो बनवा दिए गए लेकिन आजतक वर्षो बीत जाने के बाबजूद इन भवनों को स्कूल के उपयोग में नही लिया गया है और इनमे हमेशा ताला जड़ा है जिसके चलते यह उपयोग होने से पहले ही जर्जर व टूटने लगे हैं कुछ कमरों के गेट निकालकर असमाजिक तत्व ले गए हैं। लेकिन इससे भी चैकाने और शर्मसार करने वाली बात तो यह है कि उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल के इस परिसर में बेरोकटोक शराबखोरी हो रही है और यहां शराब की बोतलों का जखीरा नजर आता है। साथ ही कई अनैतिक काम इन बिल्डिंग में होते हैं। लेकिन वर्षो बीत जाने के बाबजूद इन करोडो रुपए की लागत से बनाए गए इन भवनों की ओर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की नजर इसकी ओर नही गई है जिसके चलते न केवल करोड़ो की लागत से बनबाये गये भवन बर्बाद हो रहें हैं बल्कि शिक्षा के मन्दिर में शराब व अय्याशी का अड्डा बना अवश्य नजर आ रहा है। लेकिन इस मामले मे जब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से जानना चाहा तो वह कुछ ज्यादा नहीं बता सकीं और डीईओ कार्यालय से वर्षो पहले इनका निर्माण होना बताया साथ ही सुरक्षा का हवाला देकर यहां स्कूल की क्लासें शिफ्ट न करने की बात कहती नजर आई तो सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर इस तरह बिना किसी प्लानिंग के करोड़ो की लागत से भवनों का निर्माण क्यों करा दिया और बर्षो बीत जाने के बाबजूद आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी की नजर इनकी ओर क्यों नही गई।





## स्कूल संचालन में भवन बन रहा परेशानी



एक ओर 13 सालों से यह करोड़ो की लागत से भवन बनकर तैयार हैं लेकिन इनका उपयोग आज तक नही किया गया। वहीं उत्कृष्ट हायर सेकंडरी चन्देरी की बात करें तो इसमें 900 के आसपास बच्चे हैं और जहां वर्षो पुरानी बिल्डिंग में यह स्कूल संचालित हो रहा है उसमें कमरों की संख्या कम है जिसके चलते स्कूल का संचालन दो शिफ्टों में किया जाता है। तो सवाल यह खड़ा होता है कि आखिर तत्कालीन अधिकारियों ने परिसर से हटकर काफी दूर करोड़ो की लागत से यह अतिरिक्त कक्ष क्यों बनबा दिये और यदि बनबा भी दिए तो सालों बाद आजतक इनमें क्लासें क्यों संचालित नही कराई। क्या आनन फानन में शासन की राशि को खत्म करने के लिए कहीं भी यह निर्माण कार्य कराकर शासन की राशि को कमीशन खोरी की भेंट चढ़ा दिया या फिर अपने ठेकेदारों को पुरस्कृत कर दिया। लेकिन अब देखना है की केवल शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही व बर्बादी बल्कि स्कूल परिसर में शराबखोरी ब अय्याशी की यह तस्वीरें दिखाएं जाने के बाद अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस बदहाल और शर्मसार करने वाले परिसर की ओर कब जाती है और कब यहां की तस्वीर और तकदीर बदली नजर आती हैं।

